बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-370
29/06/2023

# स्वतंत्रता सेनानी स्व0 मुंगेरी लाल जी के पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना 29 जून 2023 :– स्वतंत्रता सेनानी स्व0 मुंगेरी लाल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर, पटना में पुण्यतिथि के मौके पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार, स्व0 मुंगेरी लाल जी के परिजन सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्वतंत्रता सेनानी स्व0 मुंगेरी लाल जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन किया गया।

******